आज़ादी का
अमृत महोत्सव

# कार्यालय कमाण्डेण्ट, पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, अलवर

कमांकः—पीटीएस—अल/सामान्य/2022—23/456 दिनांकः— 23.07.2022

## —:: कार्यालय आदेश ::—

श्रीमान उप महानिरीक्षक पुलिस, कानून—व्यवस्था, राजस्थान—जयपुर के आदेशांक व—15 ( ) पुलिस—प्रशासन/2021/980 दिनांक 19.07.2022 के तहत आजादी का अमृत महोत्सव के आयोजन की श्रंखला में **दिनांक 09 अगस्त,2022 से 16 अगस्त,2022 तक "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।** उक्त कार्यक्रम के आयोजन में विभाग की सहभागिता एवं समन्वय से वृहद स्तर पर व्यापक जनसहभागिता के साथ एतिहासिक स्वरूप प्रदान किये जाकर आयोजन किया जाना है। इस हेतु आजादी का अमृत महोत्सव के पोर्टल पर झंडारोहण, पोस्टर, बैनर, जिंगल्स, स्टैण्डी, वॉलपेपर्स, सेल्फी आदि कार्यक्रम की फोटोग्राफ ई—मेल आईडी पर भिजवाने के निर्देश प्रदान किए गये है।

उपर्युक्त निर्देशों की पालना में प्रशिक्षण केन्द्र स्तर पर उप अधीक्षक पुलिस, मुख्य विधि अनुदेशक और संचित निरीक्षक (प्रशासन) को भेजकर लेख है, कि कोविड—19 महामारी के मध्यनजर गृह मंत्रालय/स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार तथा राज्य सरकार के आदेश/निर्देशानुसार Social Distancing की पालना करते हुए समयबद्ध कार्यक्रम बनाकर निम्नानुसार गतिविधियाँ/कार्यो के कार्यक्रम आयोजित किया जाना सुनिश्चित करेंगे तथा की गई गतिविधियाँ/कार्यवाही की फोटोग्राफ/वीडियों सहित रिपोर्ट इस कार्यालय में प्रेषित करेंगे ताकि पुलिस मुख्यालय की कानून—व्यवस्था शाखा को प्रगति से अवगत कराया जा सके।

1. इस कार्यक्रम के लिए एक अभियान के रूप में जन चेतना, इच्छाशक्ति निर्माण, अभिरूचि वृद्धि, जागरूकता वृद्धि कर कार्य किया जाना है। इस हेतु सोशल मिडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए अधिक से अधिक जन सहभागिता सुनिश्चित की जावें।
2. ग्राम स्तर पर मिटिंग करें।
3. सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, व्हाट्स—अप, ट्वीटर, इंस्टाग्राम, वेबसाईट पर Flag लगाया जावें, Flag गिफ्ट किए जावें, Selfie with Flag अपलोड किए जावें। मोबाईल, लेपटॉप, कम्प्यूटर पर झण्डे का वॉलपेपर लगाया जावें।
4. राष्ट्रीय ध्वज से सम्बन्धित जागरूकता क्विज आयोजित कराया जावें।
5. देशभक्ति गीत विभिन्न माध्यमों से बजाये जावें।
6. राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा विक्रय केन्द्र बनाया जावें ताकि लोग तिरंगा झण्डा क्रय कर सके, गिफ्ट कर सके, सेल्फी ले सके। इस हेतु सभी को प्रेरित करें।

Scanned with CamSc

आजादी का अमृत महोत्सव

7. विशेष तिरंगा मार्च निकाली जावें जिसकी थीम "आन–बान–शान तिरंगा" हो।
8. **स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।** इसके अन्तर्गत प्रशिक्षण संस्थान परिसर/कार्यालय में साफ–सफाई की जावे। इस कार्य हेतु संचित निरीक्षक, प्रशासन, पी0टी0एस0 अलवर पंचायत समिति/स्थानीय प्रशासन की मदद लेकर साफ–सफाई, स्वच्छता एवं आवश्यक होने पर रंग–रोगन आदि का कार्य कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।
9. कार्यालय/परिसर में **पैम्फलेट/पोस्टर, स्टेण्डी और झण्डे लगाये** जाना सुनिश्चित करेंगे।
10. आजादी का अमृत महोत्सव के पोर्टल पर झंडारोहण, पोस्टर, बैनर, जिंगल्स, स्टैण्डी, वॉलपेपर्स, सेल्फी आदि कार्यक्रम की फोटोग्राफ अपलोड की जावें। उक्त पोर्टल पर राजस्थान प्रदेश की आई.डी S10395 और पासवर्ड RJ$##123 है।
11. सभी सोशल मिडिया पोस्ट में अधिकारिक अमृत महोत्सव हैंडल को फॉलो और टैग किया जावें
12. अमृत महोत्सव की प्रकाशित सामग्री को सभी सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से साझा/रीट्वीट किया जावें।
13. उपर्युक्त के सन्दर्भ में श्री जितेन्द्र नावरियां, पुलिस निरीक्षक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

23/03/22

(यशपाल त्रिपाठी)
कमाण्डेण्ट,
पुलिस ट्रेनिंग स्कूल,अलवर।

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को आवश्यक कार्यवाही व पालनार्थ प्रेषित हैः–

1. उप अधीक्षक पुलिस/ मुख्य विधि अनुदेशक, पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, अलवर।
2. प्रभारी, ग्राम रूंध धूणीनाथ निकट मीणापुरा, पी0टी0एस0, अलवर।
3. संचित निरीक्षक, प्रशासन, पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, अलवर।
4. प्रभारी आउटडोर, पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, अलवर।
5. हवलदार मेजर, पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, अलवर।
6. समस्त शाखा प्रभारी, पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, अलवर।
7. नोटिस बोर्ड।

23/03/22

कमाण्डेण्ट,
पुलिस ट्रेनिंग स्कूल,अलवर।

Scanned with CamScanner